


# आग को जल्द काबू करने नहीं पुख्ता इंतजाम

## जिले में अग्निशमन व्यवस्था के हालात चिंताजनक, फायर ब्रिगेड को मौके पर पानी पहुंचाने पानी के इंजन टैंकर की जरुरत

**पीडब्ल्यूडी विभाग के रिकार्ड रूम में शुक्रवार की देर शाम को लगी थी आग**

**जिला इंकाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने मौके का निरीक्षण किया**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़/ब्यावरा 11 अप्रैल, का. जिले में आगजनी की घटनाओं से तुरंत निपटने की तैयारियों पर नजर दौड़ाई जाये तो हालात काफी चिंताजनक है. जिला मुख्यालय सहित जिले में फायर ब्रिगेड वाहनों को मौके पर ही रिफिल करने के लिए इंजनयुक्त टैंकर उपलब्ध नहीं हैं, जिससे कोई बड़ी आगजनी होने पर आग पर काबू पाने में काफी समय लगता है और इससे नुकसान का दायरा बड़ जाता है. वर्तमान व्यवस्था के चलते आपात स्थिति में राहत कार्य प्रभावित होता है.**



उल्लेखनीय है राजगढ़ में बीते साल हाइवे ट्रीट के सामने दीपक टेंट हाउस की दुकान में आगजानी की घटना के दौरान लगी भीषण आग पर घंटो की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका था. जिला मुख्यालय सहित खुजनेर, खिलचीपुर, ब्यावरा की दमकलों को बुलवाया गया था.

### पानी के इंजन टैंकर हो सकते हैं कारगर

कई बार आग तेजी से फैलकर विकराल रूप धारण कर लेती है और अधिक नुकसान होने की संभावना रहती है. पानी खत्म होने पर जब वापस पानी लेकर फायर ब्रिगेड आती है तो काफी समय हो जाता है. जानकारों के अनुसार आगजनी जैसी आपदाओं से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए पर्याप्त पानी की क्षमता वाले वाहन के साथ मौके पर ही रिफिल की व्यवस्था होना आवश्यक है. फायर ब्रिगेड को मौके पर पानी उपलब्ध कराने के लिए पानी के इंजन टेंकर कारगर साबित हो सकते है.

### एक माह से इंदौर में राजगढ़ की फायर ब्रिगेड

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय राजगढ़ में दो फायर ब्रिगेड है, इनमें एक 5 हजार लीटर पानी क्षमता वाली फायर ब्रिगेड करीब एक माह से खराबी के चलते सुधरने इंदौर में है. जबकि एक अन्य ढाई हजार लीटर पानी की क्षमता वाली फायर ब्रिगेड ही वर्तमान में यहां है, जिसका पानी सात से आठ मिनिट में खत्म हो जाता है.

### रिकार्ड रूम की आग बुझाने बाहर से आईं दमकलें

शुक्रवार की देर शाम को राजगढ़ में पीडब्ल्यूडी विभाग के रिकार्ड रुम में लगी आग को बुझाने के लिए भी खुजनेर व अन्य जगहों से फायर ब्रिगेड को मंगवाया गया. जिला मुख्यालय पर मौजूद फायर ब्रिगेड वाहन में पानी की क्षमता 2 से 3 हजार लीटर है, जो किसी भी आगजनी की घटना में मात्र 10 से 12 मिनट में खत्म हो जाती है. इसके बाद वाहन को दोबारा पानी भरने के लिए घटनास्थल से दूर जाना पड़ता है, जिससे बहुमूल्य समय नष्ट होता है और आगजनी में अधिक नुकसान की संभावना रहती है.

### सरकारी रिकॉर्ड बार-बार जलना जांच का विषय

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** जिला मुख्यालय पर पीडब्ल्यूडी विभाग के महत्वपूर्ण रिकार्ड रुम में लगी आगजनी की घटना की उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए. डिसमेंटल योग्य भवन में इतना महत्वपूर्ण रिकार्ड क्यों रखा था. उसमें आग कैसे लगी इन सभी कारणों की जांच हो. उक्त बात जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने शनिवार को कांग्रेस प्रतिनिधि दल के साथ आगजनी वाले भवन का दौरा कर कही. उन्होंने कहा कि रिकार्ड रुम में आग लगने के कारणों का पता किया जाना चाहिए. उक्त कक्ष की चद्दरे चोरी हो चुकी है, यहां की छत को हटाया गया. भवन में किसी तरह का कोई इलेक्ट्रिक कनेक्शन भी नहीं है तो फिर आग कैसे लगी. इस मामले की जांच एडीएम स्तर के अधिकारी द्वारा कराई जाना चाहिए. जिला इंकाध्यक्ष ने इसमें भू माफिया का हाथ होने की भी शंका जाहिर करते हुए जांच की मांग की. उन्होंने कहा कि आगजनी की घटना में किसी षडयंत्र की बू आ रही है.

**शासकीय भूमि पर कब्जे की हो जांच-** जिला इंकाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में कई जगह पर शासकीय भूमि पर अवैध रुप से कब्जा हो रहा है. राजगढ़ सहित नरसिंहगढ़, सारंगपुर, ब्यावरा, जीरापुर आदि स्थानों पर शासकीय भूमि पर कब्जे हो रहे है. वह इसकी जांच कर शासकीय भूमि मुक्त कराने तथा शासकीय भूमि पर कब्जा करने वालों पर कार्यवाई की मांग करेंगे.

**बार-बार आग क्यों लग रही है-** जिला इंकाध्यक्ष ने सवाल किया कि आखिर शासकीय कार्यालयों, भवनों में आग क्यों लगी रही है. पूर्व में जिला चिकित्सालय व अन्य शासकीय भवनों में आग लगने का हवाला देते हुए कहा कि आखिर यह आग बार-बार क्यों लग रही है, उन्होंने कहा कि जिले में भ्रष्टाचार की आग फेल रही है. भ्रष्टाचार फलफूल रहा है. इस दौरान पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी, बापू सिंह तेवर सहत कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### नरवाई जलाने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड ब्यावरा द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर थाना प्रभारी सुठालिया द्वारा प्रथम सूचना के अनुसार ड्यूटी के दौरान एक प्रकरण दर्ज किया गया है. आवेदन में बताया गया कि ग्राम परधानी कुंडल भू-स्वामी पलारपुर निवासी नौरंगसिंह लोधी पिता रामचरण लोधी द्वारा खेत में नरवाई जलाने की घटना सामने आई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि विस्तार अधिकारी विकासखंड ब्यावरा के माध्यम से यह सूचना दी गई कि 02 अप्रैल को कृषि अभियांत्रिकी संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा सैटेलाइट मॉनिटरिंग 2026 आई.सी.आर.सी. क्राइस से प्राप्त डाटा के अनुसार फसल अवशेष जलाने की घटना की जानकारी प्राप्त हुई है. जांच में यह सामने आया कि ग्राम परधानी कुंडल भू स्वामी पलारपुर स्थित भूमि सर्वे नं. 684/2 रकबा 0.886 हेक्टेयर में आरोपी द्वारा नरवाई जलाई गई. मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है. साथ ही, कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत पंचनामा, सत्यापित प्रतियां एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है.

## एक नजर में

### सतीश दुबे दिवंगत, अंत्येष्टि आज



**ब्यावरा 11 अप्रैल, का.** नगर के परमसिटी कॉलोनी निवासी रिटायर्ड शासकीय सेवक सतीश दुबे का शनिवार को हृदयाघात के चलते निधन हो गया. वे ब्राम्हण समाज के पूर्व अध्यक्ष एवं अधिवक्ता स्व. जगदीशचंद्र दुबे के छोटे भाई एवं अशोक चंद दुबे के बड़े भाई थे. उनके निधन की सूचना लगते ही मिलने जुलने वालों में शोक छा गया. उनके दो पुत्र संदेश दुबे और मोहित दुबे है. स्व. सतीश दुबे की अंतिम यात्रा संस्कार आज 9 बजे स्वनिवास परम सिटी से प्रारंभ होकर राजगढ़ रोड मुक्ति धाम पहुंचेगी. ब्राम्हण समाज सहित सभी स्वजनों ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है. साथ ही परमसिटी कॉलोनी वासियों ने इसे अपनी पारिवारिक क्षति बताया है.

### जिलास्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्याम बाबू खरे द्वारा बताया गया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर एवं आगामी विवाह मुहुर्तों पर विवाह आयोजित होंगे. वहीं जिले में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा-13 (4) ओर (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 20 अप्रैल, 2026 अक्षय तृतीया एवं आगामी विवाह मुहुर्तों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में होने वाले संभावित बाल विवाहों की सूचना प्रदान किये जाने हेतु जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 07372-254360 पर सम्पर्क कर बाल विवाह की सूचना दी जा सकती है. जिला स्तरीय कंट्रोल रूम प्रभारी श्रीमती रश्मि चौहान, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर मो. नम्बर 7898357660 एवं सहायक प्रभारी श्रीमती स्मिता शुक्ला, केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर मो. नम्बर 7697837283 को भी बाल विवाह होने संबंधी शिकायत दी जा सकती है.

### अपहृत नाबालिग अहमदाबाद में मिली

**नरसिंहगढ़ 11 अप्रैल, सं.** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत नरसिंहगढ़ पुलिस द्वारा अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है. अनुविभागीय अधिकारी पुलिस नरसिंहगढ़ सुश्री मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता अर्जित की. घटना 04 अप्रैल की है. फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग बहन घर से बिना बताए कहीं चली गई है. इस पर थाना नरसिंहगढ़ में अपराध क्रमांक 152/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई. मामला नाबालिग बालिका से संबंधित होने के कारण पुलिस द्वारा तत्काल विशेष टीम गठित कर सघन तलाश शुरू की गई. तकनीकी साक्ष्यों एवं सतत प्रयासों के आधार पर बालिका के अहमदाबाद (गुजरात) में होने की जानकारी प्राप्त हुई. साथ ही आरोपी सूरज पिता बिशन, निवासी ग्राम कंजर, नई दिल्ली (छोटा बैरसिया) को गिरफ्तार किया गया है.

# समाज को शिक्षा की दिशा दी महात्मा फुले ने



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 11 अप्रैल, सं. फूल माली समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 जयंति पर विशाल शोभा यात्रा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया. नगर के मध्य स्थित श्री अंबेमाता मंदिर मे पुजा अर्चना की गई. महात्मा फुले की झांकी रथ में सजाकर ढोल धमाके के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई. शोभा यात्रा में तिरंगा ध्वज लिए घोड़े पर अशोक पुष्पद सवार हुए. बालाजी गार्डन में समाज के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अन्य कर्मचारियों का प्रतीक चिन्ह तथा दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया.**

कार्यक्रम को राज्य मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले दलितों एवं पिछड़ों के मसीहा थे. उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी तथा नारी शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अपना जीवन समर्पित किया. कार्यक्रम को फूल माली महापंचायत प्रदेश प्रभारी नरेंद्र पुष्पद, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष प्रदीप सादानी, फूल माली उत्थान समिति प्रदेश अध्यक्ष संतोष पुष्पद, प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद, परगना पंचायत जीरापुर-खिलचीपुर अध्यक्ष अजय मालाकार, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, पार्षद राकेश पुष्पद, राधेश्याम बागवान, सत्यानंद महाराज, बबिता चोहान आदि ने भी संबोधित किया. शोभायात्रा प्रभारी प्रभारी जगदीश पुष्पद, खुशीलाल पुष्पद सभी अतिथियों का साफा बांधकर तथा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया. विभिन्न संगठनों ने भी स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष ओम पुष्पद ने किया. आभार खुशी लाल पुष्पद ने माना. इस दोरान वरिष्ठ समाज सेवीभोनसिह पुष्पद, मांगीलाल टेलर, केलाश वर्मा, बंशीलाल पुष्पद, पवन पुष्पद, रवि पुष्पद, माखनलाल पुष्पद आदि उपस्थित रहे.

### 13 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**बोड़ा 11 अप्रैल, सं.** फरार आरोपियों, स्थाई वारंटियों एवं वसूली वारंटियों की धरपकड़ में थाना बोडा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 13 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीजेएम न्यायालय राजगढ़ के आबकारी एक्ट प्रकरण में जारी स्थाई वारंटी अजब सिंह उर्फ जाबर पिता लक्ष्मीनारायण सासी, निवासी ग्राम कडियासी, पिछले 13 वर्षों से फरार चल रहा था. आरोपी को ग्राम कडियासांसी से दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया.

# 7 दिन में हो गई 87 हजार क्विंटल गेहूं की आवक

## मंडी में गेहूं की बम्पर आवक जारी, आज से तीन दिन का अवकाश

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 11 अप्रैल, का. इन दिनों स्थानीय कृषि उपज मंडी में फसल की बम्पर आवक हो रही है, इनमें भी गेहूं की सर्वाधिक आवक बनी हुई है. अप्रैल माह के 7 दिन में ही 87 हजार क्विंटल से अधिक की आवक हो गई.**

गौरतलब है कि फसल कटाई के बाद गेहूं व अन्य फसल की बम्पर आवक मंडी में हो रही है. इनमें सर्वाधिक आवक गेहूं की है. अप्रैल माह के सात दिन में ही स्थानीय कृषि मंडी में गेहूं की आवक 87 हजार क्विंटल से अधिक रही. 4 अप्रैल को कृषि मंडी में गेहूं की आवक 13 हजार 409 क्विंटल, 5 अप्रैल को 11 हजार 551 क्विंटल, 7 अप्रैल को 16 हजार 107 क्विंटल, 8 अप्रैल को 13 हजार 440 क्विंटल तथा 9 अप्रैल को 11 हजार 401 तथा 10 अप्रैल को गेहूं की आवक 10 हजार 378 क्विंटल एवं 11 अप्रैल को गेहूं की आवक 11 हजार 59 क्विंटल रही. इस तरह 7 दिन में कुल आवक 87 हजार 345 क्विंटल रही.



आज दिनांक 12 से 14 अप्रैल तक तीन दिन स्थानीय कृषि मंडी में अवकाश रहेगा. उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर भी गेहूं की खरीदी का कार्य शुरु हो गया है, किंतु खरीदी केन्द्रों की तुलना में कृषि मंडियों में गेहूं की बम्पर आवक देखी जा रही है. शादी ब्याह के सीजन एवं अन्य आवश्यक कार्यो में पैसो की आवश्यकता के चलते खरीदी केन्द्र की जगह मंडियों में गेहूं की अधिक आवक बनी हुई है.



# ओंकारपुरा में बनेगा सामुदायिक भवन

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 11 अप्रैल, सं.** शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने ग्राम मवासा में 1 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से निर्मित हाईस्कूल भवन का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है. जिससे गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है. विधायक ने कार्यक्रम के दौरान ओंकारपुरा में 25 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जा रही है और क्षेत्र में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं. कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव वैध, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश दांगी, मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन गुर्जर, रवि मीणा, राकेश चावड़ा, जगदीश रुहेला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

### कलश यात्रा के साथ पुरुषोत्तम महायज्ञ प्रारंभ

नवभारत न्यूज

**पचोर 11 अप्रैल, सं.** श्री गोपाल मां के मंदिर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ. श्री भागवत कथा का संगीतमय में वचन वृंदावन धाम के संत श्री कोकील पुष्प विक्रम जी महाराज के मुखारविंद से दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रखा गया है. श्री पुष्टि पुरुषोत्तम महायज्ञ का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ आचार्य श्री इंद्रजीत जी पाराशर के सानिध्य में किया जा रहा है.आयोजन समिति में सभी धर्म प्रेमी नागरिकों से यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया है.

### माँ बीजासन धाम पर बैठक 13 को

**नवभारत न्यूज, पचोर 11 अप्रैल, सं.** माँ बिजासन धाम मंदिर निर्माण के माध्यम से विश्व कल्याण की भावना हेतु नर्मदा भक्त आचार्य सोमेश परसाई (होशंगाबाद) के सानिध्य में सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय महारुद्र अभिषेक का भव्य आयोजन किया जा रहा है. इस दिव्य आयोजन की व्यवस्था एवं तैयारियों हेतु 13 अप्रैल सोमवार समय 1 बजे माँ बिजासन धाम भैंसवा माता मंदिर आवश्यक बैठक का आयोजन रखा गया है. बैठक में श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह बिजासन धाम समिति द्वारा की गई.

### बाड़िया हनुमान पर विशाल भंडारा आज

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** नगर के वार्ड क्रमांक 01 बाड़िया स्थित श्री पातालेश्वर प्राचीन हनुमान एवं श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में एक माह तक चले अखंड श्री रामचरित मानस पाठ के समापन उपलक्ष्य में आज रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है. मंदिर सेवा समिति से मिली जानकारी के अनुसार यह धार्मिक आयोजन प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाता है. इस वर्ष भी अखंड रामचरित मानस पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात शाम 5 बजे से महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण प्रारंभ होगा, जो प्रभु इच्छा तक निरंतर चलता रहेगा.

**तैयारी** ▶ **कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा**

# जलसंकट: अगले तीन महीने खास, अमले को सतर्क किया

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 11 अप्रैल, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में विभिन्न विकासखंडों में पेयजल व्यवस्थाओं, हैंडपंपों की स्थिति तथा जल स्तर की समीक्षा की गई. साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में जितने भी हैंडपंप खराब हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दुरुस्त किया जाए. साथ ही सारंगपुर एवं नरसिंहगढ़ क्षेत्रों में जल स्तर की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि संभावित पेयजल संकट से समय रहते निपटा जा सके.**



बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि आगामी तीन माह पेयजल व्यवस्था के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं. सभी अधिकारी निरंतर फील्ड में रहकर कार्यों की मॉनिटरिंग करें. प्रत्येक सप्ताह की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए. जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रस्तावित हैंडपंपों की संख्या एवं उनकी व्यवहार्यता पर भी गहन समीक्षा की गई. उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम में कम से कम एक बोर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके. इसी के साथ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैकेनिक दलों की सक्रियता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक विकासखंड में मैकेनिक टीम प्रभावी रूप से कार्य करें. मैकेनिक टीमों को उपलब्ध कराए गए वाहनों की जानकारी संधारित करने तथा मैकेनिक टीमों की सूची जनपद सीईओ के साथ साझा कर उनका पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, कार्यपालन यंत्री (पीएचई), जल निगम के प्रबंध संचालक एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्पित गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे.

### ग्राम स्तर पर विभिन्न जनजागरुकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियां संपन्न

**राजगढ़ 11 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में विकासखंड ब्यावरा के अंतर्गत ग्राम खेजड़ा महाराजा, सलेहपुर एवं मलावर में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया गया. अभियान के तहत ग्राम स्तर पर विभिन्न जनजागरूकता एवं प्रशिक्षण गतिविधियां संपन्न कराई गईं. कार्यक्रम के दौरान ग्राम के वॉल ऑपरेटर को नल-जल योजना के संचालन एवं रखरखाव संबंधी आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया. साथ ही ग्रामीणों को पेयजल स्त्रोतों एवं पानी की टंकियों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई गई, ताकि दूषित जल से होने वाली बीमारियों की रोकथाम की जा सके. नलों में टोंटियां लगाने के महत्व के बारे में भी विस्तार से समझाया गया. इसके साथ ही फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, स्कूल स्टाफ, पेयजल समिति के अध्यक्ष, सरपंच, सचिव एवं समिति के अन्य सदस्यों को जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया एवं किट का वितरण किया गया. हर घर जल प्रमाणीकरण की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई. ग्राम खेजड़ा महाराजा में नल-जल योजना का विधिवत हस्तांतरण भी किया गया.



# अस्पताल परिसर में मंदिर के शिखर कलश की स्थापना

नवभारत न्यूज

**पड़ाना 11 अप्रैल, सं.** समीप ग्राम नरायणपुर कोलूखेड़ा में सरदार पटेल मानव सेवा ट्रस्ट नेत्र चिकित्सालय परिसर में एक ही मंदिर में मां अंबे उमिया माता मंदिर मां खोड़ीयार माता की प्रतिमा स्थापित की गई शनिवार पंडितों एवं पुरोहित इत्यादि के द्वारा मंत्र उच्चारण एवं विधि विधान से पूजन पाठ कर शिखर कलश स्थापित किया. इस अवसर पर मुख्य जजमान सहित अन्य जजमान के अलावा पड़ाना नरसिंह मंदिर महंत कौशल किशोर दास महाराज, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल जैन, मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा, जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार सहित अन्य वरिष्ठ जन आसपास क्षेत्रीय ग्रामीण अंचल के लोग उपस्थित रहे. इस अवसर पर सरदार पटेल मानव सेवा ट्रस्ट समिति सदस्यों द्वारा वरिष्ठ जनों को सम्मान पत्र भेंट कर स्वागत किया गया. इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में पड़ाना सहित आसपास ग्रामीण अंचल के महिला एवं पुरुष मंदिर परिसर में पहुंचकर माता के दर्शन का लाभ लिया.